# कार्यालय नगरपालिक निगम, जगदलपुर जिला– बस्तर (छ0ग0)

## मैनुअल पद्वति निविदा सूचना

क्रमांक ......71.........का0पा0अ0 / ज0प्र0शा0 / न0पा0नि0 / 2022 जगदलपुर,दिनांक 6/4/22

नगरपालिक निगम, जगदलपुर की जलप्रदाय शाखा अंतर्गत मरम्मत एवं संधारण कार्यो के लिये आवश्यक सामग्री क्रय करने हेतु इच्छुक संस्थानों से फार्म "सी" में स्पीड पोस्ट/रजिस्ट्रर्ड पोस्ट द्वारा दिनांक 28.04.2022 को अपरान्हः 05.00 बजे तक मुहरबंद मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र मुल्य | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जल शुद्धिकरण हेतु अनबुझा चूना क्रय करने बाबत। | Rs-14.00 Lacs | Rs-42000.00 | Rs-750.00 | अनुबंध संपादन उपरांत प्रदत्त क्रयादेश अनुसार |

प्राप्त निविदायें दिनॉक 29.04.2022 को पूर्वान्हः 11.30 बजे उपस्थित निविदाकारों के समक्ष खोली जावेगी। निविदा प्रपत्र कार्यालय से जारी नहीं किया जावेगा। निविदा प्रपत्र (फार्म "सी") विस्तृत नियम तथा शर्तें एवें सामग्रियों का विस्तृत विवरण नगरपालिक निगम, जगदलपुर की विभागीय वेबसाईट www.nagarnigamjagdalpur.inएवं http://uad.cg.gov.in तथा Potal (http:// eproc.cgstate.gov.in/ offline Tender) से निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित अंतिम तिथि/समय के एक कार्यालयीन दिवस पूर्व तक डाउनलोड/अवलोकित कर निविदा में भाग लिया जा सकता है। इसके अन्यत्र मोबाईल नंबर– 9285006127 पर संपर्क साधकर भी जानकारी ली जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगरपालिक निगम, जगदलपुर

पृ0 क्रमांक ......72...... का0पा0अ0 / ज0प्र0शा0 / न0पा0नि0 / 2022 जगदलपुर, दिनांक 6/4/2022

प्रतिलिपि :–

3 मान0 महापौर/अध्यक्ष, नगरपालिक निगम, जगदलपुर की ओर सूचनार्थ संप्रेषित।

4 मान0 सभापति, ज0प्र0शा0, नगरपालिक निगम, जगदलपुर की ओर सूचनार्थ संप्रेषित।

3. आयुक्त, नगरपालिक निगम, जगदलपुर की ओर सूचनार्थ संप्रेषित।

4. नेता प्रतिपक्ष, नगरपालिक निगम, जगदलपुर की ओर सूचनार्थ संप्रेषित।

5. संपादक.................................................दैनिक समाचार पत्र रायपुर/जगदलपुर की ओर संप्रेषित कर लेख है कि, कृपया आपके समाचार पत्र के आगामी अंक में मात्र एक बार **न्युनतम साईज** में प्रकाशित कर इस पत्र की छायाप्रति एवं प्रकाशित समाचार पत्र की 3 प्रतियों सह देयक भुगतान हेतु प्रस्तुत करें।

6. सूचना फलकः– मुख्य कार्यालय/लोक निर्माण शाखा कार्यालय/जलप्रदाय शाखा कार्यालय नगरपालिक निगम, जगदलपुर में चस्पा हेतु ।

7. प्रोग्रामर, डाटा सेंटर, संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास छ.ग. नया रायपुर की ओर संचालनालय के वेबसाईट में अपलोड करने हेतु अग्रषित।

8. श्री सुमित महापात्र, जनसंपर्क, नगरपालिक निगम, जगदलपुर की ओर शासन के निर्देशानुसार समाचार पत्र में प्रकाशित करवाये जाने हेतु तीन–तीन प्रतियों में प्रेषित है। समाचार पत्र में प्रकाशन उपरांत प्रकाशित समाचार पत्र की दो–दो प्रति कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे ।

कार्यपालन अभियंता
नगरपालिक निगम, जगदलपुर

# कायोलय नगरपालिक निगम, जगदलपुर जिला– बस्तर (छ0ग0)

## विस्तृत निविदा विज्ञप्ति

निविदा क्रमांक ......71....... का0पा0अ0 / ज0प्र0शा0 / न0पा0नि0 / 2022 जगदलपुर, दिनांक 06.04.202

**निविदा से संबद्ध सामग्रियों का विवरण एवं नियम तथा शर्ते**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र स्पीड / रजिस्ट्रर्ड डाक द्वारा जमा करने की अंतिम तिथि / समय | दिनांक ....28.04.2022.... सायं 05.00 बजे तक |
| 2 | प्राप्त निविदाओं को खोलने की तिथि / समय | दिनांक....29.04.2022.... अपरान्ह 11.30 बजे |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जल शुद्धिकरण हेतु अनबुझा चूना क्रय करने बाबत। | Rs-14.00 Lacs | Rs-42000.00 | Rs-750.00 | अनुबंध संपादन उपरांत प्रदत्त क्रयादेश अनुसार |

| क्र0 | सामग्री का विवरण | मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | अनबुझा चूना (Unslaked Lime) | 100000 Kg. |

टीप :–

1. निविदा प्रपत्र कार्यालय से जारी नही किया जावेगा। निर्धारित निविदा प्रपत्र तथा नियम एवं शर्ते नगरपालिक निगम, जगदलपुर की वेबसाईड **www.nagarnigamjagdalpur.in**एवं http://uad.cg.gov.in तथा Potal (http:// eproc.cgstate.gov.in/ offline Tender) से निविदा जमा करने के अंतिम तिथि / समय के एक कार्यालयीन दिवस पूर्व तक डाउनलोड किया जा सकता है। धरोहर राशि का एफ. डी. आर. तथा निविदा प्रपत्र शुल्क रू. – 750.00 का डिमांड ड्राफ्ट जो की आयुक्त, नगरपालिक निगम, जगदलपुर के पक्ष में देय हो निविदा सह निर्धारित लिफाफा "C" के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
2. नियम एवं शर्तों का पूर्ण अवलोकन करने उपरांत ही निविदा में सम्मिलित होवें ।

कार्यपालन अभियंता
नगरपालिक निगम
जगदलपुर

निविदा क्रमांक – ......71...... दिनॉक – ......06.04.2022...... के लिये

दर प्रस्ताव

| क्र0 | सामग्री का विवरण | प्रस्तावित दर अंकों में | प्रस्तावित दर शब्दों में |
|---|---|---|---|
| 1 | अनबुझा चूना<br>**(Unslaked Lime)** | | |

निविदा क्रमांक –                                                                                    दिनॉक –

## निविदा हेतु नियम तथा शर्तेः–

1. सशर्त निविदा मान्य नही होगी।
2. निविदा में प्रतिभागी बनने के पूर्व नियम तथा शर्तों का पूर्ण अवलोकन करने उपरांत ही निविदा में सम्मिलित होवें। निविदा से संबद्ध किसी भी प्रकार की जानकारी नगरपालिक निगम, जगदलपुर की जलप्रदाय शाखा से प्राप्त की जा सकती है।
3. निविदा निरस्त करने, स्वीकृत करने अथवा अस्वीकृत करने/सामग्री की मात्रा कम अथवा अधिक करने/अनुमानित व्यय की राशि कम अथवा अधिक करने के समस्त अधिकार विभाग के पास सुरक्षित रहेंगे।
4. किसी भी प्रकार की विवाद की स्थिति में आयुक्त, नगर पालिक निगम, जगदलपुर का निर्णय अंतिम तथा सर्वमान्य रहेगा।
5. निविदा प्रपत्र निगम से जारी नहीं किया जावेगा। निविदा प्रपत्र, विस्तृत नियम/शर्तें एवं सामग्रियों का विस्तृत विवरण नगरपालिक निगम, जगदलपुर की वेबसाईट **www.nagarnigamjagdalpur.in** से निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि/समय के एक कार्यालयीन दिवस पूर्व तक डाउनलोड/अवलोकित किया जा सकता है। निर्धारित निविदा प्रपत्र शुल्क का डिमांड ड्राफ्ट एवं निर्धारित अमानत राशि के एफ.डी.आर. सहीत जो कि आयुक्त, नगरपालिक निगम, जगदलपुर के पक्ष में देय हो, निविदा प्रस्तुत की जानी होगी।
6. प्रस्तावित की जाने वालीं दरों में समस्त प्रकार के कर एवं वर्तमान में प्रचलित जी.एस.टी. अतिरिक्त देय होगा तथा विभाग के भंडार कक्ष तक सामग्री पहुंचाने का समस्त व्यय (Transporting Charges & Labour Charges) सम्मिलित होना चाहिए। सामग्री प्रदाय उपरांत भुगतान किये जाने वाले देयकों में से शासकीय नियमानुसार करों की कटौति की जावेगी। परिवहन के दौरान सामग्रियों में किसी भी प्रकार की क्षति होने पर सामग्रीयॉ स्वीकार योग्य नहीं होगी ।
7. आई.एस.आई. मार्क की सामग्री प्रदाय किया जाना अनिवार्य होगा।
8.. धरोहर राशि एफ0डी0आर0 के रूप में जो कि आयुक्त, नगर पालिक निगम, जगदलपुर को देय हो स्वीकार की जावेगी। पूर्व से विभाग में जमा एफ0डी0आर0 अथवा नगद राशि इस निविदा हेतु समायोजित नही की जावेगी।
9. स्पीड पोस्ट के माध्यम से निविदा प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित तिथि/समयावधि के पश्चात प्रस्तुत की जाने वाली निविदाओं पर विचार नही किया जावेगा।
10. सामग्री प्रदाय हेतु **पेन कार्ड की छायाप्रति, जी.एस.टी. पंजीयन प्रमाण पत्र की छायाप्रति** निविदा सह लिफाफा "बी" में प्राप्त होने पर ही दर प्रस्ताव से संबद्ध लिफाफा "सी" खोला जाकर निविदा पर विचार किया जावेगा।
11. निविदा में प्राप्त न्यूनतम दर की सक्षम स्वीकृति उपरांत रूपये 100.00 मात्र के नॉन ज्यूडिशियल स्टैम्प पेपर पर अनुबंध संपादित किया जाना होगा। अनुबंध अनुरूप सामग्री प्रदाय करने में असफल रहने पर भुगतान देय नही होगा साथ ही विभाग नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा। अनुबंधित अवधि में दरों में किसी भी प्रकार की वृद्धि मान्य नही होगी।
12. उच्च गुणवत्ता की वांछित सामग्री प्रदाय की जानी होगी अन्यथा भुगतान देय नही होगा। सामग्री का परीक्षण करवाये जाने हेतु विभाग स्वतंत्र रहेगा।
13. सामग्री प्रदाय उपरांत सफल परिक्षण किये जाने के बाद ही भुगतान देय होगा।
14. क्रयादेश में दर्शित प्रदाय अवधि अंतर्गत सामग्री प्रदाय करना अनिवार्य होगा।
15. निविदा हेतु छत्तीसगढ़ क्रय नियमावली का पालन किया जावेगा।
16. निविदा क्रमशः A,B तथा C की तीन लिफाफा पद्धति में प्रस्तुत की जानी होगी। तीनों लिफाफे एक बडे लिफाफे में डालकर प्रस्तुत किये जाने होंगे। बडे लिफाफे में डाले जाने वाले लिफाफों पर लिफाफा क्रमांक–(A,B,C) , निविदा क्रमांक, निविदा दिनांक तथा खोले जाने की तिथि अंकित कर आयुक्त, नगर पालिक निगम, जगदलपुर को प्रेषित् किया जाना होगा। लिफाफा "A" में धरोहर राशि से संबद्ध F.D.R., लिफाफा "B" में नियम तथा शर्ते मान्य होने का प्रमाण पत्र तथा आवश्यक दस्तावेज/प्रमाण पत्र तथा लिफाफा "C" में निविदा प्रपत्र डालकर सभी लिफाफे मुहरबंद कर प्रस्तुत किये जाने होंगे। तीनों लिफाफे क्रमशः खोले जावेंगे। किसी लिफाफे में वांछित दस्तावेज प्राप्त न होने पर आगे क्रम के लिफाफे नहीं खोले जाकर निरस्त किये जावेंगे। लिफाफे निविदाकार अथवा उसके द्वारा नियुक्त प्रतिनिधि के समक्ष निर्धारित तिथि तथा निर्धारित समय पर खोले जावेंगे। निविदा खोले जाने की पृथक से कोई सूचना नहीं दी जावेगी।

कार्यपालन अभियंता
नगरपालिक निगम, जगदलपुर